भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान
INDIAN INSTITUTE OF GEOMAGNETISM
विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय)
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER THE DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, GOVT. OF INDIA)
प्लॉट नंबर 5, सेक्टर –18, कलंबोली हाईवे / Plot no.5, sector-18, Kalamboli Highway
न्यू पनवेल, नवी मुंबई/ NEW PANVEL, NAVI MUMBAI 410218

# महत्वपूर्ण सूचना /IMPORTANT NOTICE

**विज्ञापन संख्या : Adv No: 04/IIG/HRD /2025**

**प्रश्नों और उत्तरों के लिए आपत्तियों को आमंत्रित करना / INVITING OBJECTION(S) TO QUESTIONS AND ANSWERS**

**सहायक निदेशक (राजभाषा) की भर्ती के लिए ओएमआर आधारित लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी / QUESTION PAPER AND ANSWER KEY OF OMR BASED WRITTEN TEST FOR RECRUITMENT OF ASSISTANT DIRECTOR (OFFICIAL LANGUAGE) (POST CODE-05).**

सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद के लिए आपत्तियाँ (यदि कोई हों) तथा उनके समर्थन में आवश्यक दस्तावेज़ ई-मेल के माध्यम से प्रस्तुत करने की प्रारंभ तिथि: **03 जुलाई 2026**

ई-मेल के माध्यम से आपत्तियाँ (यदि कोई हों) प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि: **05 जुलाई 2026 (सायं 06:00 बजे तक)**

Start date to submit Objection(s) along with supporting documents for Assistant Director (Official Language) through email: - **03 July 2026**
End date to submit Objection(s) through email: - **05 July 2026 (By 1800 HRS)**

दिनांक 03.07.2026 को सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद हेतु आयोजित ओएमआर आधारित लिखित परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रश्न-पत्र तथा उत्तर कुंजी पर आपत्तियाँ आमंत्रित करने के उद्देश्य से इन्हें इस सूचना के माध्यम से संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है।

All the candidates who appeared in the OMR Based Test/Exam held on 03-07-2026 for the post of Assistant Director (Official Language) are hereby informed that the questions and answer key are uploaded on the Institute's official website through this Notice for inviting objection(s).

यदि किसी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो, तो वह अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज़ों सहित केवल ई-मेल के माध्यम से **iig.recruitment@iigm.res.in** पर प्रेषित करे। किसी अन्य माध्यम/संचार चैनल से प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित अवधि के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत नहीं करता है, तो चयन प्रक्रिया के आगामी किसी भी चरण में पुनर्मूल्यांकन हेतु किसी न्यायालय में कोई विधिक दावा करने का उसे अधिकार नहीं होगा।

Objection(s) if any, is/are to be submitted alongwith proof of document in support of claim and to be forwarded ONLY through email to **iig.recruitment@iigm.res.in.** Objection(s) received through any other mode of communication/channel will not be entertained under any circumstances. If candidates do not submit their objection(s) within stipulated period, then they will not have any right for any future legal claim in any court of law for re-evaluation at later stage of selection process.

In case of equal marks to the candidates, the extant rules/guidelines issued by Government of India will be applicable.

कृपया ध्यान दें कि उक्त पद/पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन पूर्णतः अनंतिम (Provisional) है। यदि भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि चयनित अभ्यर्थी भर्ती अधिसूचना में निर्धारित किसी भी पात्रता शर्त, जैसे कि अनिवार्य शैक्षिक योग्यता, अनुभव अथवा शॉर्टलिस्टिंग के मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो उसकी अभ्यर्थिता चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में निरस्त की जा सकती है।

Please note that the selection of candidate for the post/s is/are provisional. In case, at any stage, if the selected candidate falls short of any requirement(s) of Recruitment Notice i.e. essential qualifications/experience as well as short listing criteria, the candidature is liable to be cancelled at any stage.

**भर्ती प्रकोष्ठ / Recruitment Cell**
**आय. आय. जी. / IIG**

**1.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में संघ की राजभाषा का प्रावधान है?

(A) अनुच्छेद 343

(B) अनुच्छेद 351

(C) अनुच्छेद 348

(D) अनुच्छेद 350

**2**. संघ की राजभाषा क्या है?

(A) संस्कृत

(B) अंग्रेजी

(C) हिन्दी (देवनागरी लिपि)

(D) उर्दू

**3**. संविधान के अनुसार अंकों का कौन-सा रूप संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए स्वीकार किया गया है?

(A) देवनागरी अंक

(B) अंतरराष्ट्रीय रूप के भारतीय अंक

(C) रोमन अंक

(D) अरबी अंक

**4.** राजभाषा अधिनियम, 1963 किससे संबंधित है?

(A) न्यायपालिका

(B) संसद

(C) राजभाषा के प्रयोग

(D) चुनाव

**5**. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद हिन्दी भाषा के विकास से संबंधित है?

(A) 344

(B) 348

(C) 351

(D) 350

**6**. राजभाषा आयोग का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?

(A) 343

(B) 344

(C) 351

(D) 352

**7**. राजभाषा नियम कब बनाए गए?

(A) 1950

(B) 1963

(C) 1976

(D) 1985

**8.** राजभाषा नियम, 1976 के अनुसार भारत को कितने क्षेत्रों में विभाजित किया गया है?

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) 5

**9**. क्षेत्र 'क' में कौन-सा राज्य शामिल है?

(A) पंजाब

(B) तमिलनाडु

(C) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

(D) केरल

**10**. संसदीय राजभाषा समिति का गठन किस अनुच्छेद के अंतर्गत किया जाता है?

(A) 343

(B) 344(4)

(C) 351

(D) 352

**11.** संविधान सभा ने हिन्दी को राजभाषा के रूप में कब स्वीकार किया?

(A) 15 अगस्त 1947

(B) 26 जनवरी 1950

(C) 14 सितम्बर 1949

(D) 2 अक्टूबर 1949

**12**. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 26 जनवरी

(B) 14 सितम्बर

(C) 15 अगस्त

(D) 2 अक्टूबर

**13**. राजभाषा अधिनियम, 1963 में संशोधन कब किया गया?

(A) 1965

(B) 1967

(C) 1976

(D) 1980

**14**. केन्द्र सरकार के कार्यालयों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कौन-सा विभाग कार्य करता है?

(A) शिक्षा विभाग

(B) विधि विभाग

(C) राजभाषा विभाग

(D) संस्कृति विभाग

**15**. संविधान का कौन-सा अनुच्छेद उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालयों की भाषा से संबंधित है?

(A) 343

(B) 344

(C) 348

(D) 351

**16**. हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार का दायित्व किस पर है?

(A) संसद

(B) राष्ट्रपति

(C) संघ

(D) राज्यपाल

**17.** राजभाषा नियम, 1976 के अनुसार पत्राचार का वर्गीकरण मुख्यतः किस आधार पर किया गया है?

(A) विभाग

(B) भाषा क्षेत्र

(C) पद

(D) वेतन

**18.** संविधान के अनुसार प्रारम्भिक 15 वर्षों तक किस भाषा के प्रयोग की व्यवस्था की गई थी?

(A) संस्कृत

(B) उर्दू

(C) अंग्रेजी

(D) पंजाबी

**19.** राजभाषा नीति का मुख्य उद्देश्य क्या है?

(A) केवल हिन्दी का प्रयोग

(B) प्रशासनिक कार्यों में भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना

(C) अंग्रेजी समाप्त करना

(D) न्यायपालिका का गठन

**20.** राजभाषा विभाग किस मंत्रालय के अधीन कार्य करता है?

(A) शिक्षा मंत्रालय

(B) गृह मंत्रालय

(C) विधि मंत्रालय

(D) संस्कृति मंत्रालय

**21**. संसदीय राजभाषा समिति में कुल कितने सदस्य होते हैं?

(A) 20

(B) 25

(C) 30

(D) 35

**Note- अनुवाद दक्षता - प्रश्न संख्या 22 से 25 तक ।**

**22.** भारत सरकार राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है।

(A) The Government of India are commit for effective implementing the Official Language Policies.

(B) Government of India is committed to effective implementation for Official Language Policy is.

(C) The Goverment of India has been commiting to the effectively implement of Official Language policy.

(D) The Government of India is committed to the effective implementation of the Official Language Policy.

**23.** सभी अधिकारियों को कार्यालयीन कार्य हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

(A) All officers is encourage for doing office works in Hindi language.

(B) Every officer are encouraged to do official work into Hindi in offices.

(C) All officers are encouraged to carry out official work in Hindi.

(D) All the officers has encouraging to perform office work by Hindi.

**24.** The Government of India promotes the progressive use of Hindi in official work.

(A) भारत सरकार कार्यालय के कामों में हिन्दी भाषा को इस्तेमाल करना बढ़ावा देती है।

(B) भारत सरकार सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देती है।

(C) भारत सरकार आधिकारिक कामों में हिन्दी के बढ़ते प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाता है।

(D) भारत सरकार कार्यालयीन कार्य में हिन्दी का प्रगतिशील उपयोगों को बढ़ावा देते हैं।

**25**. The report should be submitted to the competent authority within fifteen days.

(A) रिपोर्ट पंद्रह दिन के बाद सक्षम अधिकारी को जमा करना चाहिए।

(B) प्रतिवेदन को पंद्रह दिनों के अंदर सक्षम अधिकारी से प्रस्तुत करना चाहिए।

(C) रिपोर्ट को सक्षम प्राधिकारी में पंद्रह दिवस के भीतर प्रस्तुत किये जाना चाहिए।

(D) प्रतिवेदन पंद्रह दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

**26.** आपके कार्यालय में कुछ कर्मचारी हिंदी में कार्य करने में असुविधा महसूस करते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी आपसे उनके नाम नकारात्मक टिप्पणी सहित रिपोर्ट में दर्ज करने को कहते हैं।

आपका उचित निर्णय क्या होगा?

(A) नकारात्मक टिप्पणी दर्ज करना

(B) कर्मचारियों को प्रशिक्षण एवं सहयोग उपलब्ध कराना

(C) उन्हें दंडित करने की अनुशंसा करना

(D) उनकी शिकायतों को नज़रअंदाज़ करना

**27.** राजभाषा विभाग की उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करने से विभाग को अतिरिक्त अनुदान मिलने की संभावना है।

सत्यनिष्ठा की दृष्टि से उचित निर्णय क्या होगा?

(A) उपलब्धियों को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करना

(B) वास्तविक तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करना

(C) रिपोर्ट को गोपनीय रखना

(D) आँकड़ों में आंशिक परिवर्तन करना

28. राजभाषा प्रगति रिपोर्ट में हेरफेर एक केंद्रीय कार्यालय में राजभाषा अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए आप पाते हैं कि हिंदी में वास्तविक पत्राचार केवल 45% है, जबकि वरिष्ठ अधिकारी मंत्रालय को 75% दिखाने का निर्देश देते हैं ताकि विभाग की छवि बेहतर बने।

आपका सबसे उचित निर्णय क्या होगा?

(A) वरिष्ठ अधिकारी के निर्देशानुसार रिपोर्ट भेजना

(B) वास्तविक आँकड़े प्रस्तुत करना

(C) रिपोर्ट भेजने से इंकार करना

(D) आँकड़ों में आंशिक संशोधन करना

**29**. गोपनीय दस्तावेज का अनुवाद एक अत्यंत गोपनीय सरकारी दस्तावेज का हिंदी अनुवाद शीघ्र चाहिए। समयाभाव के कारण आपका वरिष्ठ अधिकारी इसे निजी अनुवादक को ई-मेल से भेजने का निर्देश देता है।

आपको क्या करना चाहिए?

(A) निर्देश का पालन करना

(B) दस्तावेज को सोशल मीडिया से साझा करना

(C) गोपनीयता नियमों का पालन करते हुए अधिकृत माध्यम से अनुवाद कराना

(D) कार्य को टाल देना

**30**. हिंदी प्रशिक्षण में फर्जी उपस्थिति राजभाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई कर्मचारियों ने भाग नहीं लिया, लेकिन विभागाध्यक्ष सभी की उपस्थिति दर्ज करने का निर्देश देते हैं।

सबसे उचित कार्यवाही क्या होगी?

(A) फर्जी उपस्थिति दर्ज करना

(B) वास्तविक उपस्थिति दर्ज करना

(C) रिकॉर्ड नष्ट कर देना

(D) मामला अनदेखा करना

**31.** बजट का अनुचित उपयोग राजभाषा कार्यान्वयन हेतु प्राप्त निधि का उपयोग कार्यालय के फर्नीचर खरीदने में किया जा रहा है। राजभाषा अधिकारी के रूप में आपकी भूमिका क्या होगी?

(A) चुप रहना

(B) नियमों के अनुसार आपत्ति दर्ज करना

(C) खर्च को उचित ठहराना

(D) वरिष्ठ अधिकारी का समर्थन करना

**32.** शैक्षणिक संस्थान में भाषा विवाद एक केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुछ शिक्षक हिंदी कार्यशाला का विरोध करते हुए कहते हैं कि केवल अंग्रेजी में ही कार्य होना चाहिए।

राजभाषा अधिकारी के रूप में आपका दृष्टिकोण क्या होना चाहिए?

(A) विरोध करने वालों को दंडित करना

(B) संवाद और प्रशिक्षण के माध्यम से सहमति विकसित करना

(C) हिंदी कार्यक्रम बंद कर देना

(D) विवाद को बढ़ावा देना

**33**. यदि वर्षा जल है, जल सड़क है, सड़क बादल है, बादल आकाश है, आकाश समुद्र है और समुद्र मार्ग है, तो हवाई जहाज कहाँ उड़ते हैं?

(a) सड़क

(b) समुद्र

(c) बादल

(d) जल

**34**. 173, 188, 203, 218, ?

(a) 232

(b) 233

(c) 235

(d) 231

**35.** OTE, PUF, QVG, RWH, ?

(a) SYJ

(b) TXI

(c) SXJ

(d) SXI

**36.** दीवार पर लगे एक चित्र की ओर इशारा करते हुए, एक लड़के ने कहा, “चित्र में दिख रहा वह आदमी मेरी माँ के पिता का, जो अपने माता-पिता की इकलौती संतान हैं, के दामाद की पत्नी के दामाद का ससुर है।” लड़का चित्र में दिख रहे आदमी से किस प्रकार संबंधित है?

(a) पुत्र

(b) पोता

(c) भतीजा

(d) परपोता

**37.** यदि ‘X’ का अर्थ ‘जोड़’ है, ‘÷’ का अर्थ ‘घटाव’ है, ‘+’ का अर्थ ‘गुणा’ है और ‘-’ का अर्थ ‘भाग’ है, तो 20×16-4+2÷8 = ?


(a) 24

(b) 20

(c) 36

(d) 25

**38.** निम्नलिखित आरेख में, वर्ग उस क्षेत्र को दर्शाता है जहाँ कटहल के पेड़ उगाए जाते हैं, वृत्त आम के पेड़ों को दर्शाता है और त्रिभुज नारियल के पेड़ों को दर्शाता है।




सभी प्रकार के पेड़ उगाए जाने वाले क्षेत्र को कौन-सी संख्या दर्शाती है?

(a) 4

(b) 3

(c) 5

(d) 8

**39.** एक सरकारी कर्मचारी जिसकी वेतन वृद्धि की तारीख 1 जुलाई है, उसे 1 नवंबर को जारी दंड आदेश द्वारा एक वेतन वृद्धि रोकने का दंड दिया जाता है। बताएं कि दंड किस तारीख से प्रभावी होगा?

(a) 1 नवंबर अर्थात दंड आदेश की तारीख

(b) उसकी पिछली वेतन वृद्धि वापस ले ली जाएगी

(c) अगले वर्ष की 1 जनवरी

(d) अगले वर्ष की 1 जुलाई

**40.** छोटी-मोटी हानियों की वह मौद्रिक सीमा क्या है जिसकी सूचना अगले उच्च अधिकारी को देने की आवश्यकता नहीं होती?

(a) ₹ 20,000

(b) ₹ 15,000

(c) ₹ 10,000

(d) ₹ 5,000

**41.** स्टेशन से बाहर अर्थात मुख्यालय के अलावा अन्य स्थान पर प्रतिनियुक्ति के मामले में प्रतिनियुक्ति भत्ते की दर क्या है?

(a) मूल वेतन का 5% अधिकतम ₹ 5,625 प्रति माह तक

(b) मूल वेतन का 10% अधिकतम ₹ 11,250 प्रति माह तक

(c) मूल वेतन का 75% अधिकतम ₹ 5,000 प्रति माह तक

(d) मूल वेतन का 12% अधिकतम ₹ 11,250 प्रति माह तक

**42.** मौलिक नियमों (Fundamental Rules) की व्याख्या करने की शक्तियाँ किसके पास हैं?

(a) CAG

(b) भारत के राष्ट्रपति

(c) वित्त मंत्रालय

(d) भारत के प्रधानमंत्री

**43.** एक सरकारी कर्मचारी ने 1 जनवरी को 300 दिनों की अधिकतम सीमा प्राप्त कर ली थी और अगस्त के दौरान 8 दिनों का अर्जित अवकाश लिया। 31 दिसंबर को उसके अवकाश खाते में कितने दिनों का अर्जित अवकाश दिखाया जाएगा?

(a) 300 दिन

(b) 300 + 15 दिन

(c) 300 + 7 दिन

(d) 292 दिन

**44**. निम्नलिखित में से कौन-सा संसद के अधिनियम या कानून के तहत स्थापित वैधानिक निकाय नहीं है?

(a) केंद्रीय सतर्कता आयोग

(b) केंद्रीय सूचना आयोग

(c) राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग

(d) संघ लोक सेवा आयोग

**45**. 60 वर्ष या उसके बाद सेवा से बाहर निकलने के समय सरकारी कर्मचारी को पेंशन संपत्ति से एकमुश्त भुगतान का प्रतिशत कितना किया जाता है?

(a) 80 प्रतिशत

(b) 50 प्रतिशत

(c) 60 प्रतिशत

(d) पूर्ण अर्थात 100 प्रतिशत

**46.** CCS (पेंशन) नियमों के अंतर्गत पेंशन प्रदान करने और पेंशनभोगी को जारी रखने के लिए कौन-सी शर्त निर्धारित है?

(a) भविष्य में अच्छा आचरण

(b) देश में उपलब्ध रहना

(c) किसी राजनीतिक गतिविधि में भाग न लेना

(d) किसी व्यवसाय/पेशे में संलग्न न होना

**47.** MACP योजना वेतन मैट्रिक्स के किस स्तर तक लागू है?

(a) स्तर 10

(b) स्तर 11

(c) स्तर 15 या HAG स्तर

(d) स्तर 18

**48**. यदि सूचना किसी व्यक्ति के जीवन या स्वतंत्रता से संबंधित है, तो सूचना उपलब्ध कराने की समय-सीमा क्या है?

(a) 24 घंटे के भीतर

(b) 48 घंटे के भीतर

(c) 5 दिनों के भीतर

(d) 10 दिनों के भीतर

**49.** सातवें केंद्रीय वेतन आयोग के लागू होने पर सभी केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिए यात्रा/स्थानांतरण/सेवानिवृत्ति यात्रा हेतु संशोधित TA/DA अधिकार कब से प्रभावी हुए?

(a) 1-1-2016

(b) 25-7-2016

(c) 1-7-2017

(d) 13-7-2017

**50.** निश्चित वाहन भत्ता (Fixed Conveyance Allowance) प्रदान करने और निकालने के लिए निर्धारित औसत मासिक आधिकारिक यात्रा की न्यूनतम दूरी क्या है?

(a) 200 किमी से अधिक

(b) 300 किमी से अधिक

(c) 400 किमी से अधिक

(d) 500 किमी से अधिक

# सहायक निदेशक (राजभाषा), पद कोड: 05

## उत्तर सूची

1. A
2. C
3. B
4. C
5. C
6. B
7. C
8. B
9. C
10. B
11. C
12. B
13. B
14. C
15. C
16. C
17. B
18. C
19. B
20. B
21. **C**
22. D
23. C
24. B
25. D
26. B
27. **B**
28. B
29. C
30. B

31. B
32. B
33. B
34. B
35. D
36. B
37. B
38. B
39. D
40. C
41. B
42. B
43. C
44. D
45. C
46. A
47. C
48. B
49. C
50. A